प्रधानाचार्यका कार्यालय/OFFICE OF THE PRINCIPAL
अंडमानकॉलेज/ANDAMAN COLLEGE
अंडमानऔरनिकोबारप्रशासन/ANDAMAN & NICOBAR ADMINISTRATION
पोर्टब्लेयर/PORT BLAIR
College No: 102 **E-mail Id: andamancollege@gmail.com**

File No: 2-12/ESH /ANCOL/General/ 2018/ 740 ***Dated 04/09/18***

समाचार

प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी अंडमान कालेज, पोर्ट ब्लेयर में 01 सितंबर से 15 सितंबर तक हिंदी पखवाड़ा मनाया जा रहा है | इस श्रृंखला में आज 04/09/18 को प्रात: 11.30 से 01.00 तक कार्यालयीन कर्मचारियों के लिए हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया | श्री पीटर राज ने उपस्थिति का स्वागत किया | महाविद्यालय के प्राचार्य डा. एस. जयकुमार ने पारंपरिक दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया | उन्होंने हिंदी में विचार व्यक्त करते हुए हिंदी भाषा का महत्व एवं अनिवार्यता पर बल दिया| हिंदी विभाग की विभागाध्यक्ष डा. एन. लक्ष्मी कार्यशाला में विशेष वक्ता थी | उन्होंने पावर पाइंट के जरिए राजभाषा हिंदी एवं पारिभाषिक शब्दों से सम्बंधित विविध जानकारी दी | उन्होंने राजभाषा हिंदी में अधिक से अधिक कार्य करने का आग्रह किया | इस सन्दर्भ में डा. नज़मा बेगम, हिंदी के प्रवक्ता ने भी अपने विचार व्यक्त किये | कार्यालय के सभी प्रतिभागियों ने कार्यशाला में विशेष रूचि दिखाते हुए अपनी प्रतिक्रिया हिंदी में लिखित रूप में दी और हिंदी भाषा के प्रति उत्सुकता दिखाई |

श्रीमती जयप्रभा भट्टाचार्य ने धन्यवाद ज्ञापित किया जब कि सुश्री सत्यबामा तिवारी ने कार्यक्रम का संचालन किया |

कार्यशाला के अतिरिक्त छात्रों के लिए **गद्य पठन** प्रतियोगिता, **“राष्ट्रीय एकता और हिंदी”** विषय पर आधारित चित्रकला प्रतियोगिता, **“हिंदी भाषा : दशा और दिशा”** विषय पर निबंध लेखन प्रातियोगिता तथा स्वरचित काव्य पाठ प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया है |

sd/-
डा. एस. जयकुमार
प्राचार्य
अंडमान कालेज

प्रतिलिपि :

1. संपादक, द्वीप समाचार, समाचार के प्रकाशन हेतु
2. संपादक, ***The Daily Telegrams,*** समाचार के प्रकाशन हेतु

sd/-
प्राचार्य
अंडमान कालेज